निदेशालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर

कमांक एफ 23(45)लेखा/निकाशि/मुउशिछायो/2012–13/2707 दिनांक 22/11/12

कुलपति/समस्त प्राचार्य
विश्वविद्यालय/निजी विश्वविद्यालय
राजकीय महाविद्यालय/निजी महाविद्यालय ———————

विषय :– मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा छात्रवृति योजना से लाभान्वित होने वाले विद्यार्थियों के लिए आधार नम्बर आवंटन हेतु विशेष कैम्प आयोजित करवाये जाने बाबत ।

प्रसंगः– शासन उप सचिव, उच्च शिक्षा राजस्थान सरकार जयपुर का पत्र कमांकः प.10(2)/शिक्षा–3/2012 पार्ट 5 जयपुर दिनांकः 16–11–2012

उपर्युक्त विषयान्तर्गत प्रसांगिक पत्र के कम में आपके विश्वविद्यालय/महाविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों द्वारा यदि मुख्यमंत्री छात्रवृति योजना 2012 में आवेदन किया गया है तो आवश्यक रूप से उनका आधार नम्बर आवंटन कराते हुए संबंधित नोडल अधिकारी को अवगत कराने का कष्ट करें । यदि आप द्वारा आधार नम्बर अवगत नहीं कराया जाता है तो छात्रवृति स्वीकृति में कठिनाई उत्पन्न होगी । यहां यह उल्लेखित करना उचित होगा कि संबंधित जिलो में राज्य सरकार द्वारा आधार नम्बर प्राप्ति हेतु विशेष कैम्पों का आयोजन करवाया जा रहा है तथा निदेशालय स्तर पर भी प्रयास किया जा रहा है । कृपया विशेष कैम्पों में आधार नम्बर प्राप्ति हेतु संबंधित विद्यार्थियों को आप अपने स्तर पर सूचित कर आधार नम्बर दिनांकः 31–12–2012 तक आवश्यक रूप से संबंधित नोडल अधिकारी को अवगत कराना सुनिश्चित करें जिससे संबंधित विद्यार्थी को छात्रवृति स्वीकृत की जा सके ।

कृपया इसे प्राथमिकता प्रदान करें ।

(नवीन जैन)
निदेशक
कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर